# जितनी अच्छाई होगी, समाज उतना ही उन्नति करेगा : डॉ. जीके गोस्वामी

**● यूपीएसआईएफएस में कानून और फारेंसिक के बीच समन्वय विषय पर हुई कार्यशाला**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस, (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 के सन्दर्भ में कानून और फारेंसिक के बीच समन्वय' विषय पर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर शशिकला वंजारी (यूजीसी सदस्य एवं कुलपति एनआईइपीए नई दिल्ली), विशिष्ट अतिथि डॉ. अमर पाल सिंह, आरएमएलयू, लखनऊ तथा डॉ. दिनेश शर्मा, विभागाध्यक्ष, केएम राजकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गौतमबुद्धनगर सहित संस्थान के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर निदेशक डॉक्ट गोस्वामी ने संस्थान में आये समस्त वक्तागण-अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। यूपीएसआईएफएस, लखनऊ के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि समाज में जितनी अच्छाई होगी, समाज उतना ही उन्नति करेगा। समग्र उन्नति के लिए समाज के सभी अंगों का सम्मिलित रूप से कार्य करना परम आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कानून के सदर्भ में तीन विषयों न्याय, तार्किकता एवं पारदर्शिता का प्रमुख रूप से उल्लेख करते हुए इसके महत्व को परिभाषित किया । उन्होंने छात्रों को केस स्टडी के माध्यम से फारेंसिक साइन्स के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि फारेंसिक साइंस के माध्यम से सच्चाई को वैज्ञानिक रूप से कानून के समक्ष ला कर न्याय दिलाने में सहयोग करना ही हमारा कार्य है ।

कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर शशिकला वंजारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का उद्देश्य बहुयामी शिक्षा को बढावा देना है। उन्होंने बताया कि आप जो सोचते हैं, वही आप हैं, आप जो करते हैं, वही आप बन जाते हैं। आपका विश्वास आपका कार्य को निर्धारित करता है । उन्होंने कहा कि हमें भारतीय होने पर गर्व होना चाहिए और मिलकर भारत को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, साथ ही हमें एक अच्छा इंसान बनने का प्रयास भी करना चाहिए। उन्होंने अरविंदो घोष का उदाहरण देते हुए कहा कि भारतीय आत्मा के स्वभाव और संस्कृति के अनुरूप शिक्षा की आवश्यकता है । भारत के विकासशील आत्मा एवं भविष्य की जरूरतों के प्रति भी हम उत्तरदायी है।

इस अवसर पर अतिथि-वक्ता डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में पूरे देश को अलग अलग खण्ड में विभाजित किया गया है, इसमें छात्र अपनी रूचि के अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं । उन्होंने कहा कि केवल विषय परीक्षा आधारित छात्रों का मूल्यांकन नही किया जायेगा बल्कि उनके विषय-रूचि, व्यवहार और आचरण का भी मूल्यांकन होना चाहिए। उन्होंने नई शिक्षा नीति के विषय मे अधिक जानकारी के लिए छात्रों को उत्साह पोर्टल विजिट करने भी सलाह दी।

इस अवसर पर प्रो. अमरपाल सिंह, कुलपुति, आरएमएलयू, लखनऊ ने कहा कि अनुसंधान कौशल का एक समूह है। जिसको किसी एक भाषा से बढावा नहीं दिया जा सकता, उसके लिए बहुभाषीय और स्थानीय भाषा का उपयोग करने की आवश्यकता है। इसके लिए छात्रों को विभिन्न भाषा के क्षेत्र में कदम बढ़ाना होगा। उन्होंने सीखने के लिए भगवत गीता के संदर्भ से छः प्रत्यया, अनुमान, उपमान, शब्द, अनुच्छेदित एवं अर्थपति प्रमुख तथ्यों पर प्रकाश डाला।

# महिला आयोग की अध्यक्ष ने किया वन स्टाप सेन्टर एवं लोक बन्धु चिकित्सालय लखनऊ का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बुधवार को वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ एवं लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ का निरीक्षण किया। वन स्टॉप सेंटर, लखनऊ के निरीक्षण के समय हिंसा ग्रसित महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाएं एवं कार्यप्रणाली को देखा एवं एक ही छत के नीचे कार्यरत अलग-अलग यूनिट के कर्मचारियों से उनके कार्य को लेकर बातचीत की।

निरीक्षण की शुरूआत केन्द्र के रिसेप्शन एरिया से की गयी। तत्पश्चात् केस वर्कर यूनिट, फील्ड फैसिलिटेटर यूनिट, महिला पुलिस रिपोर्टिंग चौकी, काउंसलिंग कक्ष, मेडिकल कक्ष, कैन्टीन, स्टोर रूम, अल्पावास गृह एवं केन्द्र में संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण कक्ष को देखा गया। इसके साथ ही कौशल विकास प्रशिक्षण से जुड़ी हुई घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं से भी बातचीत की गयी। महिलाओं के द्वारा बनाये गये टाई एण्ड डाई एवं छपाई के कपड़े के साथ ही साथ चल रहे ब्यूटी एण्ड वेलनेस के प्रशिक्षण से जुड़ी हुई महिलाओं के कार्य का निरीक्षण किया गया जिसकी मा. अध्यक्ष द्वारा सराहना की गयी।

लोकबन्धु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय, लखनऊ के निरीक्षण में महिलाओं की चिकित्सीय स्थिति की जानकारी शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन, गर्भवती महिलाओं व अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध करायी जा रही उपचार व्यवस्था तथा टीकाकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी की गयी निरीक्षण के दौरान गायनी ओ.पी.डी., ए.एन.सी. वार्ड, लेबर रूम, ओ.टी., पोस्ट नेटल वार्ड, बाल चिकित्सा वार्ड, पीडिया वार्ड, आई.सी.यू. वार्ड व मरीजों को दिये जान वाले दवाईयां एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया तथा एन.आई.सी. यूनिट में गम्भीर नवजात शिशुओं हेतु वेन्टीलेटर की सुविधा बढ़ाये जाने के निर्देश दिये गयें साथ ही समस्त वार्डो में भर्ती महिलाओं, शिशुओं का हाल चाल भी लिया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय के प्रमुख वार्डो किचन, स्नानागार एवं शौचालय की सफाई तथा मरीजों को मिलने वाले खाने व उपचार की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा राजीव कुमार दीक्षित ने बताया कि चिकित्सालय में आन्तरिक परिवाद कमेटी का गठन किया हुआ है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा एवं आन्तरिक शिकायतों का त्वरित निस्तारण पर जोर दिया जाता है। इसके लिए मैट्रन कार्यालय के पास पिंक बॉक्स भी बनाया गया है, जिसका दैनिक अवलोकन किया जाता है और समय-समय पर प्रशिक्षण के माध्यम से अवगत भी कराया जाता है। किचन में उपस्थित रसोईयों से बनाये जा रहे भोजन के संबंध में जानकारी ली गयी एवं साफ-सफाई को परखा गया, जिसमें समस्त व्यवस्थायें सही पायी गयी तथा यह भी पाया गया कि चिकित्सालय में कार्यरत रसोई कर्मचारियों को मेडिकल हेल्थ चेकअप एवं टीकाकरण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या उपस्थित रहीं।

# डॉक्टर, इंजीनियर से ज्यादा जरूरी है अच्छा इंसान बनना: प्रो. जेपी पाण्डेय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**● शैक्षणिक यात्रा पर एकेटीयू आये नौवीं और दसवीं के छात्रों को कुलपति ने दी जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख**

**बच्चों** आप भविष्य में डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक चाहे जो कुछ भी बनिये लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है अच्छा इंसान बनना। जब आप अच्छा इंसान बनेंगे तभी देश और समाज को सही मायने में अपना योगदान दे सकते हैं। ये बातें बुधवार को डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के शैक्षिक भ्रमण पर आये राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलारपुर हरगांव सीतापुर के नौवीं और दसवी के छात्र-छात्राओं से कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने कही। उन्होंने बच्चों को सीख देते हुए कहा कि बिना डरे कक्षा में शिक्षकों से सवाल करिये। क्योंकि आप ही देश के भविष्य हैं। आपके कंधों पर देश के विकास की जिम्मेदारी है। इसलिए बच्चे जितना अधिक सीखेंगे उतना ही बेहतर होगा। कुलसचिव रीना सिंह ने कहा कि कक्षा में पढ़ाये गये विषय को घर पर जरूर पढ़िये। सारे विषयों में पारंगत होना पड़ेगा। क्योंकि आगे आप सभी को बड़ी प्रतिस्पर्धा में जाना है। जितना हो सवाल करिये। सीखने के लिए हमेशा तत्पर रहिये। हर समय आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। जरूरी है कि अपने आप को अपडेट रखिये। इसके पहले क्लासरूम, शिक्षक, लेक्चर और किताब के डेली रूटीन से अलग बच्चे जब लैब पहुंचे तो उनकी आंखें चमक उठीं। बच्चे लैब के विभिन्न हिस्सों को बड़ी गंभीरता से देख रहे थे। हर एक चीज की जानकारी बारीकी से पूछ रहे थे। इस दौरान बच्चों ने थ्री डी प्रिंटिंग लैब, गूगल कोडिंग लैब, रोबोटिक्स, इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन लैब, एआई लैब, साइबर सिक्योरिटी लैब, कैरेक्टराइजेशन नैनो लैब आदि का निरीक्षण किया। बच्चों ने थ्री डी प्रिंटिंग से किस तरह मॉडल बनाये जाते हैं कि जानकारी ली। लैब देखने के बाद ऐसा लगा जैसे बच्चों को भविष्य की राह मिल गयी हो। कोई डॉ कलाम जैसा बनने के सपने बुनने लगा तो कोई इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम करने को आतुर दिखा।

**लाइब्रेरी भी पहुंचे बच्चे:** निरीक्षण के क्रम में बच्चे विश्वविद्यालय की डिजिटल लाइब्रेरी भी पहुंचे। वहां बच्चों ने लाइब्रेरी के बारे में जानकारी ली। मसलन किस तरह की किताबें हैं और डिजिटल लाइब्रेरी पर कैसे किताबों को पढ़ा जा सकता है इस बारे में भी पूछा। इस दौरान सहायक कुलसचिव रंजीत सिंह ने समन्वय किया। इस मौके पर डॉ वर्षा शुक्ला, प्रिया आर्या, अनुराग चौबे, मोनिका सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लखनऊ में डेंगू के 54 नये रोगी मिले



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ** जनपद में डेंगू और मलेरिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को डेंगू के 54 नये मामले सामने आये हैं। जिन इलाकों से डेंगू के रोगियों के मिलने की पुष्टि हुई है, उनमें चन्दरनगर-8, टूडियागंज-4, रेडक्रास-4, एनके रोड-3, सिल्वर जुबली-7, इन्दिरानगर-7, अलीगंज-8, बीकेटी-2, चिनहट-2, गोसाईगंज-2, सरोजनीनगर-4, ऐशबाग-3) धनात्मक रोगी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मलेरिया के 3 (अलीगंज-1, चन्दरनगर-1, चिनहट-1) एवं चिकनगुनिया के 1 (इन्दिरानगर-1) धनात्मक रोगी पाये गये। माह जनवरी 2024 से अब तक जनपद में डेंगू के कुल 907 एवं मलेरिया के 436 तथा चिकनगुनिया के 67 धनात्मक रोगी पाये गये। आज लगभग 1457 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 8 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलो/भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया। क्षेत्रीय जनता को घर के आस-पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ करने के बाद ही पुनः प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें, क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

# साइबर अपराध के बारे में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**किंग** जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पैथोलॉजी विभाग द्वारा बुधवार को साइबर क्राइम सेल हजरागंज के माध्यम से साइबर अपराधों के बारे में जागरूकता प्रोग्राम चलाया गया। जिसमें साइबर क्राइम सेल से उप निरीक्षक राकेश कुमार मिश्र, उप निरीक्षक आरती वर्मा, सीसीओ अमित तिवारी तथा सीसीओ सुनील कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्त लोगों में जागरूकता अभियान के अंतर्गत वित्तीय अपराधों व सोशल मीडिया अपराधों के बारें में जागरूक कराया गया। जिसमें यह बताया गया कि साइबर फ्राडस्टरों द्वारा लोगों काल करके किसी न किसी बातों के बहाने लालच में, डर में, इमोशन में , उनके किसी दैनिक जरूरतों के बातें फंसाकर, लोगों की जानकारी के अभाव का फायदा उठाते हुए ठगी की जा रही है। लोगों द्वारा अपनी बातें शेयर नहीं की जाती है और लोग अकेले डर का लालच का सामना करते रहते हैं। साथ ही अपराधियों को अपनी मेहनत की कमाई का बेशकीमती पैसा भेजते रहते हैं। साइबर अपराधों से संबंधित शिकायतों के पंजीकरण हेतु आवश्यक पोर्टल पर व काल हेतु 1930 के बारे में भी बताया गया।

**सीओ जियाउल हक हत्याकांड मामला**

# सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी 10 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाई

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**वर्ष** 2013 में प्रतापगढ़ के कुंडा में तैनात रहे सीओ जियाउल हक की हत्या के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने आरोपी फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, रामलखन, छोटेलाल यादव, रामआसरे, मुन्नालाल पटेल, शिवराम पासी व जगत बहादुर पाल उर्फ बुल्ले पाल को उम्र कैद की सजा सुनाई है। विशेष जज धीरेन्द्र कुमार ने इन सभी आरोपियों पर अलग अलग 19 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

बीते चार अक्टूबर को विशेष अदालत ने इन्हें हत्या आदि की धाराओं में दोषी करार दिया था। बुधवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सजा की बिंदू पर सुनवाई के लिए सभी आरोपियों को जेल से भारी सुरक्षा के बीच पेश किया गया था। सीबीआई के विशेष लोक अभियोजक केपी सिंह के मुताबिक दो मार्च, 2013 को सीओ जियाउल हक की प्रतापगढ़ के हथिगवां थाना क्षेत्र में हत्या कर दी गई थी। इससे पहले उस रोज दो और हत्या हुई थी। बलीपुर के प्रधान नन्हें यादव और उसके भाई सुरेश यादव की। सीओ जियाउल हक इसी हत्याकांड मामले में मौके पर गए थे। लेकिन वहां उत्तेजित भीड़ ने उनकी हत्या कर दी। सीओ जियाउल हक की हत्या में दो एफआईआर दर्ज हुए थे। एसओ मनोज कुमार शुक्ला के अलावा सीओ जियाउल हक की पत्नी परवीन आजाद ने भी एक एफआईआर दर्ज कराई थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में राजा भैया को अभियुक्त बनाया था। इन सभी मामलों की जांच सीबीआई को सौंप दी गई। सीबीआई ने जांच के बाद नन्हें यादव और जियाउल हक हत्याकांड मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। लेकिन परवीन आजाद की एफआईआर पर जांच के बाद क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दिया था। इसके बाद सीबीआई ने सुरेश यादव हत्याकांड मामले में भी अंतिम रिपोर्ट दाखिल किया।

# राजभवन में नवरात्रि के सातवें दिन भी हुई माँ दुर्गा की आराधना एवं आरती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में नवरात्रि की सप्तमी तिथि को राजभवन में बुधवार को माँ दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप की आराधना व आरती की गई। कार्यक्रम में प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा, सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी व अन्य गणमान्य सम्मिलित हुए। इस अवसर पर राजभवन में आयोजित गरबा महोत्सव के आज लगातार सातवें दिन प्रतिभागियों ने गरबा में सामूहिक रूप से शामिल होकर सामाजिक एकता का संदेश दिया। देवी की आराधना व आरती के साथ गरबा में राजभवन के अधिकारी/कर्मचारीगण, अध्यासितगण, आमंत्रित गणमान्य, छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर सामूहिक रूप से गरबा किया। गुजरात के पारम्परिक गरबा गीतों के साथ-साथ सनेडो, तीन-ताली आदि पर आमंत्रित श्रद्धालूगणों की उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियाँ हुईं। इस अवसर पर लखनऊ स्थित विविध विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा इन गीतों पर गायन प्रस्तुत किया गया, जिसपर सामूहिक रूप से प्रतिभागियों ने गरबा किया। इस आयोजन के माध्यम से एकता एवं उत्सवधर्मिता का परिचय दिया गया। कार्यक्रम पश्चात श्रद्धालुगणों में प्रसाद वितरित किया गया। विदित है कि राजभवन में बीते छह दिवसों से देवी माँ की आराधना एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो 11 अक्टूबर तक चलेगा एवं 12 अक्टूबर को विसर्जन के साथ सम्पन्न होगा।

# नवीन शिक्षा योजना 2020 उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर: प्रो. आलोक कुमार राय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**नेताजी** सुभाष चन्द्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्राचार्य प्रो अनुराधा तिवारी के नेतृत्व में किया गया। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि गिरीश चंद्र त्रिपाठी उपाध्यक्ष राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ ने अपनी उपस्थिति से महाविद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया और छात्राओं को प्रोत्साहित किया।

इस अवसर मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डॉ.) आलोक कुमार राय ने भारतीय ज्ञान परंपरा की विशेषताओं का वर्णन करते हुए नवीन शिक्षा योजना-2020 को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर बताया। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते कहा कि एकेडमिक गतिविधियों के साथ-साथ छात्राओं को अपनी प्रतिभा को निरन्तर समृद्ध करते रहना चाहिए। जिससे उनके व्यक्तित्व में सदैव अभिवृधि होती रही। विशिष्ट अतिथि गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने पूर्व राष्ट्रपति अबुल कलाम का उल्लेख करते हुए कला और साहित्य को भारतीय संस्कृति का मूल आधार बताया। उक्त प्रतिभा सम्मान समारोह में महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य स्नातक तथा परास्नातक स्तर पर विभिन्न विषयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं बी.ए. अमरीशा मिश्रा ,बीएससी (पीसीएम)में नेहा पाल ,बीएससी (जेडबीसी) मुस्कान खान, बी.काम. में सृष्टि वर्मा, परास्नातक स्तर पर अर्थशास्त्र हेतु सौम्या श्रीवास्तव गृह विज्ञान हेतु ज्योति गुप्ता, समाजशास्त्र हेतु सत्या उपाध्याय एमएससी जंतु विज्ञान हेतु निधि सिंह, प्राचीन भारतीय इतिहास हेतु शाहीन अंसारी के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ गायिका दामिनी श्रीवास्तव, सर्वश्रेष्ठ नृत्यांगना श्वेता सिंह, सर्वश्रेष्ठ काव्य पाठ तेजस्विनी चक्रवर्ती ,सर्वश्रेष्ठ चित्रकार ज्योति रावत, सर्वश्रेष्ठ वक्ता माही वाजपेई , सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी आस्था राय ,सर्वश्रेष्ठ कैडेट अंडर ऑफिसर भावना सिंह , सर्वश्रेष्ठ रेंजर सिमरन , सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका उपासना इकाई प्रियांजली गुप्ता एवं आराधना इकाई अंशु यादव, उदीयमान चित्रकार रोशनी शर्मा के साथ-साथ स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण उत्तरी क्षेत्र में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रोशनी शर्मा द्वितीय स्थान वर्तिका यादव तथा तृतीय स्थान हेतु अंजलि प्रजापति को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो रश्मि बिश्नोई और डा शालिनी श्रीवास्तव ने किया।

# पीजीआई में डॉक्टर कैफेटेरिया का संचालन शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**संजय** गांधी स्नातकोत्तर आयुविज्ञान संस्थान लखनऊ में बहुप्रतिक्षित डॉक्टर कैफेटेरिया भवन का उद्घाटन बुधवार को संस्थान के निदेशक प्रो राधा कृष्ण धीमन द्वारा किया गया। कैफेटेरिया के नोडल ऑफिसर संजय कुमार जैन ने बताया कि इस कैफेटेरिया के उद्घाटन से संस्थान में कार्यरत लगभग 320 संकाय सदस्य एवं 775 रेजिडेन्ट डाक्टर एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी लाभान्वित हो सकेंगे। डॉक्टर कैफेटेरिया में उच्च गुणवत्ता के खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित की जायेगी एवं यह प्रातः 6 बजे से लेकर मध्यरात्रि 2 बजे तक संचालित रहेगी। जिससे कि बहुत सवेरे या मध्यरात्रि तक का कार्य करने वाले संकाय सदस्यों एवं रेजिडेंट डाक्टर्स को लाभ प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर संस्थान के प्रो संजय धीराज, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, प्रो वी. के. पॉलीवाल, चिकित्सा अधीक्षक, ले कर्नल जयदीप सिंह घुम्मन, सयुक्त निदेशक (प्रशासन), प्रकाश सिंह, सयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबंधन), ई आर डी शर्मा, ई पी.के. अग्रवाल एवं अन्य संकाय सदस्य, रेजीडेंट डाक्टर्स, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपलब्ध थे।

# वास्तविक दुनिया का आनंद वर्चुअल दुनिया में नहीं मिल सकता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्री** जय नारायण मिश्र महाविद्यालय में बुधवार को विश्व बालिका दिवस की पूर्व संध्या पर छात्र-छात्राओं के लिए ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र का आयोजन मिलान फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। सत्र मे जेंडर बेस्ड इनइक्वेलिटी एण्ड डिस्क्रिमिनेशन विषय पर विशेषज्ञो ने अपनी बात रखते हुए छात्र-छात्राओं के साथ संवाद किया।

ब्रेन स्टॉर्मिंग सत्र का का उद्घाटन, महाविद्यालय प्राचार्य, प्रो विनोद चंद्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, लिंग आधारित असमानता और भेदभाव के साथ कोई भी समाज परिपक्वता एवं संपूर्णता के साथ विकास नहीं कर सकता। किंतु यह बहुत अच्छी बात है कि छात्राओं और बालिकाओं में पहले से अधिक जागरूकता बढ़ी है। अपने प्रति हो रहे अत्याचारों को लेकर के बालिकाएं अब पहले से ज्यादा सतर्क हैं। सजग रूप से वह इन प्रतिक्रियाओं का विरोध भी करती है। हालांकि बालिकाओं में जागरूकता का अधिक विस्तार होना अभी बाकी है, जिस पर हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वक्ता, अंजली सिंह, प्रोग्राम ऑफिसर, मिलान फाउंडेशन ने कहा कि, बालिकाओं के साथ भेदभाव कई स्तरो पर होता है। उन्हें भरपूर पोषण तथा संतुलित आहार समान रूप से न मिलना एक प्राथमिक मुद्दा है। अधिकांश परिवारों में बालिकाएं, बालकों की तुलना में ज्यादा कुपोषित है। उन्होंने बालक व बालिका चाहे वह गांव के हो या शहर के, दोनों के पोषण और स्वास्थ्य में समानता लाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि वक्ता, आलोक पांडेय, कार्यक्रम अधिकारी, मिलान फाउंडेशन ने कहा कि, लिंग आधारित भेदभाव हमारे समाज में बच्चों के बचपन से ही आरंभ हो जाते है। यह भेदभाव आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक वातावरण के कारण भी होता है। सत्र मे काव्या श्रीवास्तव, एक्जीक्यूटिव, मिलान फाउंडेशन, ने छात्राओं से संवाद करते हुए बताया कि, किस तरह से महिला रोल मॉडल, बालिकाओं में जागरूकता पैदा कर सकती हैं। सत्र के अंत में विशिष्ट वक्ता, प्रो रश्मि सोनी ने छात्र-छात्राओं को लाइफ स्किल्स के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि, हमें अपनी सोच के साथ-साथ दूसरों की सोच को भी समझना और उसका सही अर्थ लगाने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, हमें पता होना चाहिए कि हमें अपने जीवन में अब क्या नहीं करना है और क्या आरंभ करना है। और साथ ही साथ यह भी पता होना चाहिए कि हमें अपने जीवन में क्या जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि, आज लोग वास्तविक दुनिया से दूर होते जा रहे हैं और वर्चुअल दुनिया की तरफ ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। खास करके युवा वर्ग में यह रुझान ज्यादा है। हमें यह बात अच्छी तरह से समझनी होगी कि हमारे वास्तविक जीवन की खुशियां वर्चुअल जीवन में नहीं मिल सकती। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं की स्थिति में सुधार लाने के लिए अपने अंदर झांकने की जरूरत है।

# क्रिकेट में आईईटी बना विजेता



**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का रजत जयंती वर्ष समारोह सात मई 2024 से आठ मई 2025 तक मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर विश्वविद्यालय परिसर में इंट्रा यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स टूर्नामेंट के क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला एफओएपी 11 और आईईटी 11 के बीच हुआ। टॉस जीतकर एफओएपी 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने मोहित यादव की बल्लेबाजी के दम पर निर्धारित 10 ओवर में 79 रन बनाये। जबकि रामगोपाल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक के साथ ही रन आउट कर एफओएपी की टीम की कमर तोड़ दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईईटी 11 की टीम ने बल्लेबाज कुंदन के शानदार 56 रनों की बदौलत जीत हासिल कर लिया। विजेता टीम के कप्तान राजीव मिश्रा और रनरअप टीम के कप्तान ताबिश अहमद सिद्दीकी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय के निर्देशन में आयोजित खेल प्रतियोगिता में सभी ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर खेल संयोजक प्रो ओपी सिंह, डॉ आरके सिंह, डॉ अनुज कुमार शर्मा सह संयोजक रंजीत सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की तरफ से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में गतिविधियों की श्रृंखला में बुधवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। शिविर का आयोजन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के संरक्षण और मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कुलपति ने विभाग की गतिविधियों में गहरी रुचि दिखाई और सामान्य स्वास्थ्य प्रश्नावली भरी। डॉ. मेघा सिंह ने कुलपति को अंकों की व्याख्या समझाई, जो शिविर के उद्देश्य और विश्वविद्यालय के छात्रों को इससे कैसे लाभ हो सकता है, यह जानकर प्रसन्न हुए। डॉ. अर्चना शुक्ला ने कुलपति को कार्यक्रम का विस्तृत विवरण प्रदान किया। शिविर में लगभग 4 घंटे में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और जरूरतमंद छात्रों को व्यक्तिगत परामर्श प्रदान किया गया। मूल्यांकन परिणामों ने संकेत दिया कि छात्रों को अपने सामाजिक संबंधों और समय प्रबंधन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। माता-पिता का दबाव, आत्मविश्वास की कमी और शैक्षणिक तनाव भी बहुत प्रमुख समस्याग्रस्त क्षेत्र थे। परामर्श सत्रों के दौरान छात्रों के साथ बातचीत करते समय, कई छात्रों ने अधिक जानकारी साझा करने की इच्छा व्यक्त की और भावुक हो गए। डॉ. मानिनी श्रीवास्तव द्वारा समन्वित साइके हब क्लब के सदस्यों ने शिविर के लिए विभाग को वेंट आउट बॉक्स और फीडबैक बोर्ड से सजाया और एक सेल्फी पॉइंट भी बनाया। अनुसंधान विद्वानों और विभाग के यूजी, पीजी छात्रों ने शिविर में स्वयंसेवकों के रूप में काम किया।

# डीएम ने बीएसए व सर्वशिक्षा अभियान कार्यालय का किया निरीक्षण

## ● 15 अनुपस्थित कर्मियों कें वेतन भुगतान पर रोक, स्पष्टीकरण जारी करने के दियें निर्देश

संवाददाता। सोनभद्र



**जिलाधिकारी** बीएन सिंह ने बुधवार को डायट परिसर उरमौरा राबर्ट्सगंज में स्थित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय में साफ सफाई व्यवस्था ठीक न रहने व पत्रावलियों के रख रखाव की स्थिति खराब पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय परिसर में साफ सफाई व्यवस्था बेहतर की जाये एवं पत्रावलियों का रख रखाव भी सुव्यवस्थित ढंग से किया जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय की उपस्थिति पंजिका का भी निरीक्षण किया, उपस्थित पंजिका में प्रणति प्रभा सारंगी डीसी राकेश कुमार सिंह डी0सी0 निर्माण, अवधेश कुमार भारती डी0सी0 जय किशोर वर्मा डीसी सामु0 सहायक, नवल कुमार सिंह क.आ. राज वैभव साहू सहायक लेखा राम विलास क.आ. एमडीएम राम सिंह सहायक लेखा मृत्युन्जय सिंह परिचारक अभिषेक कुमार प्रचारक रविन्द्र नाथ वरिष्ठ सहायक देवेश नारायण शुक्ला वरिष्ठ सहायक इन्द्रदेव सिंह कनिष्ठ सहायक ओम प्रकाश चालक लल्लू प्रसाद परिचारक अनुपस्थित पाये गये, जिस पर अनुपस्थित कर्मियों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने व स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दियें। डीएम ने राबर्ट्सगंज स्थिति सर्वशिक्षा अभियान कार्यालय का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था व पत्रावलियों के रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की, इस दौरान जिलाधिकारी ने इंगलिश मीडियम स्कूल राबर्ट्सगंज का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षकगण उपस्थित पायें गये, डीएम ने विद्यालय परिसर के विभिन्न कक्षों में जाकर बच्चों पढ़ाये जा रहे कोर्स के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की और बच्चों से सीधा संवाद कर उनके बौद्धिक स्तर को जाने और फलों के नाम भी पूछें। इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित शिक्षक उपस्थित रहें।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

संवाददाता। सोनभद्र

**एनटीपीसी** विंध्याचल परियोजना में दुर्गा पुजा के अवसर पर पुजा समिति द्वारा कर्मचारियों संविदा कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या मे प्रतिभागियों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यकारी निदेशक ई सत्य फणि कुमार समीर शर्मा डॉ. बी सी चतुर्वेदी सारिका सुजय कर्माकर राज शेखर पाला राकेश अरोड़ा अन्य महाप्रबंधक, सुहासिनी संघ की सदस्याएँ, पुजा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहें। सभी श्रद्धालुओं हेतु प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर प्रसन्न मुद्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए

संवाददाता। अंबेडकर नगर

**मंगलवार** को देर शाम भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्ता वापसी पर भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के नेतृत्व में एक दूसरे को लड्डू खिला कर ढोल तासा के साथ डांस करते हुए जश्न मनाया और बधाई दिया। भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में हरियाणा में लगातार तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर प्रसन्न मुद्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि हरियाणा में लगातार तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत से भाजपा सरकार बनने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवम मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के जन कल्याणकारी कार्यों और जनता की जीत है। कहा कि हरियाणा के सम्मानित मतदाताओं ने एक बार फिर भाजपा सरकार की नीतियों पर विश्वास जताया है। कहा कि हरियाणा की जनता द्वारा जो जनादेश दिया है उससे प्रमाणित होता है कि जनता भाजपा की सरकार से संतुष्ट है और वह कांग्रेस की भ्रष्टाचार युक्त सरकार से दूर रहना चाहती है। कहा कि कटेहरी विधान सभा क्षेत्र की उप चुनाव में वहां की जनता भाजपा प्रत्याशी को प्रचण्ड बहुमत से जीत दिला कर परिवार वाद की राजनीति करने वालों को मुंह तोड़ जवाब देगी।

पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि हरियाणा की जनता ने भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर भाजपा की नीतियों पर मुहर लगाने का काम किया है। कहा कि भाजपा की ऐतिहासिक लोक कल्याण की कार्यों और नीतियों से जनता खुश है। कहा कि देशहित और जनहित में भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है। जिसकी पुष्टि हरियाणा की जनता ने कर दिया है।

पार्टी कार्यालय अटल भवन में हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने पर जश्न मनाने में मुख्य रूप से कटेहरी विधान सभा क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू, जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, पूर्व चेयर मैन प्रत्याशी प्रदीप गुप्ता शंकर, अमित पाण्डेय, नंद कुमार तिवारी रानाएललित मोहन श्रीवास्तव, अतुल वर्मा, शिव पूजन राजभर, अरविंद सिंह डिंपू, अखण्ड प्रताप वर्मा, नीरज त्रिपाठी एडवोकेट, सैय्यद अहमद, गगन मिश्र, शुभम सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# माँ दुर्गा पंडालो मे भक्तों का उमड़ा जन शैलाब

**बीजपुर/सोनभद्र।** शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन मंगलवार को स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं के पूजा पंडालो मे कालरात्रि देवी की पूजा की गई। एक तरफ जहाँ माँ दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन हेतु भक्तों का जन शैलाब दिखाई दिया। वही दूसरी तरफ रामलीला एवं जगह-जगह पर्दे पर दिखाए जा रहे रामायण सीरियल को देखने के लिए रात्रि में भक्तों का जन शैलाब उमड़ा हुआ दिखाई दिया। ग्राम सभा सिरसोती व बीजपुर के पुनर्वास प्रथम परिक्षेत्र स्थित माँ दुधईया देवी मंदिर परिसर मे दिखाए जा रहे रामायण सीरियल को देखने के लिए बड़ी तादाद मे लोग देर रात्रि तक जमे रहे। पूजा समिति के अध्यक्ष इन्द्र देव सिंह के साथ ही शिवधारी गुप्ता देव कुमार गौतम वर्मा कमलेश गुप्ता देवदास यादव प्रकाश चंद्र विश्कर्मा संतोष गुप्ता समेत अन्य लोग व्यवस्था की देख रेख मे लगें रहें। यही आलम थाना क्षेत्र के अन्य ग्राम सभाओं के पूजा पंडालो मे भी देखने को मिला जहाँ पूजा समित के पदाधिकारी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे थे। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक तरफ जहाँ प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश कुमार मिश्र के दिशा निर्देशन में बनाई गई पुलिस टीम की टुकड़ियां तैनात रही वही दूसरी तरफ प्रभारी निरीक्षक श्री मिश्र व अपराध शाखा के निरीक्षक अजय विक्रम यादव हमराहियों के साथ समूचे क्षेत्र का रात्रि के दौरान भ्रमण करते हुए देखे गए।

## महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत दी गई जानकारी

**बीजपुर/सोनभद्र।** प्रभारी निरीक्षक बीजपुर अखिलेश कुमार मिश्र ने महिला आरक्षी उमावती व रिया यादव के माध्यम से मंगलवार को थाना क्षेत्र के निम्न आय वर्ग की महिलाओं को मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के तहत विशेष जानकारियां देकर उन्हें जागरूक किया। महिला आरक्षी द्वय ने उपस्थित महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बावत जानकारियां देकर उन्हें बताया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकार पूर्ण तरीके से लाभ उठाएं।

# जिला निधि से खर्च होने वाले धनराशि की करायी जाये आडिटः डीएम

## ● जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक हुई सम्पन्न

**सोनभद्र।** जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में की गयी, बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से जनपद में कराये जा रहे निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की, समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण एजेन्सियों के प्रतिनिधि को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य सहित अन्य कार्य हेतु जो 32 कार्यदायी संस्था नामित की गयी है, सभी कार्यदायी संस्थाएं निर्माण को ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



निर्माण कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं हेतु शासन से धनराशि आवंटित हो सकती है, उन योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से धनराशि आवंटित न की जाये, बल्कि जिला खनिज फाउण्डेशन निधि के माध्यम से जनपद के अन्य विकास कार्य को कराया जाये, डी0एम0एफ0 फण्ड की धनराशि विकास की आवश्यकता व निर्धारित गाईड लाईन मानक के अनुरूप ही सम्बन्धित कार्य हेतु आवंटित की जाये, जिन विभागों को जिला खनिज फाउण्डेशन निधि से धनराशि दी जाये, उन विभाग से इस बात की एन0ओ0सी0 प्राप्त कर ली जाये कि उनके द्वारा इस कार्य हेतु कहीं और से फण्ड प्राप्त नहीं किया गया है, उन्होंने कहा कि डी0एम0एफ0 निधि से खर्च होने वाले धनराशि की आडिट करायी जाये और उस आडिट रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाये, आडिट रिपोर्ट में यदि किसी प्रकार की आपत्ति मिलती है, तो उसमें सुधार किया जाये, डी0एम0एफ0 फण्ड से होने वाले निर्माण कार्यों में ओवर स्टीमेट की स्थिति न होने पाये, स्टीमेट का नियमानुसार सत्यापन किया जाये, डी0एम0एफ0 फण्ड से होने वाले कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ज्येष्ठ खान अधिकारी शैलेन्द्र सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड निर्माण खण्ड अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न निर्माण एजेन्सियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

## क्विक न्यूज

### मिशन शक्ति कार्यक्रम में छात्रा का बनाया एक दिन का डीएम

**अंबेडकर नगर।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत कक्षा सात की मेधावी छात्रा दिव्या भारती को एक दिन का जिलाधिकारी बनाया गया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी के कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए जनता की समस्याओं को सुनने के अलावा प्रशासनिक कामकाज को समझने की कोशिश की। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की बेटियों के सशक्तिकरण के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके अंतर्गत मिशन शक्ति के तहत परिषदीय और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) की मेधावी बेटियों को एक दिन के लिए अधिकारी बनाने का निर्णय लिया है। हर जनपद से 100 बालिकाओं का चयन किया जाएगाए इससे इनमें निपुणता और नेतृत्व क्षमता का विकास होगा। इसी क्रम में आज अंबेडकर नगर में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टांडा फतेहपुर की मेधावी छात्रा दिव्या भारती को एक दिन का डीएम बनने का मौका मिला है। डीएम द्वारा दिव्या भारती को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। दिव्या भारती ने डीएम अंबेडकरनगर अविनाश सिंह के साथ कार्यालय में बैठकर जनता दर्शन में आने वाली फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा फरियादियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रार्थना पत्रोंएसमस्याओं मौके पर उपस्थित अधिकारीगणों को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम मिशन शक्ति के तहत हुआ हैए जिसमें एक दिवस के लिए अधिकारी बनाने के संबंध में शासन के निर्देश प्राप्त हुए थे। जनपद में मेधावी छात्राओं का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि दिव्या भारती कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय टांडा के कक्षा 7 की मेधावी छात्रा हैं जो ग्राम रसूलपुर टांडा अंबेडकर नगर की निवासी हैं उनको आज एक दिवस का जिलाधिकारी बनाने के लिए चयनित किया गया था। उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक जिम्मेदारियों का अनुभव देना और उनके आत्मविश्वास व नेतृत्व गुणों का विकास करना है। चयनित बालिकाएं डीएम, सीडीओ, बीएसए, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार, डीआईओएस जैसे पदों पर एक दिन के लिए कार्य करेंगी।



### दिव्या भारती ने बतौर डीएम सुनीं लोगों की समस्याएं

इस अवसर पर दिव्या भारती ने बतौर डीएम फरियादियों की फरियाद सुन उनका निस्तारण किया। मीडिया से बात करते हुए छात्रा ने खुशी जताई है। आम जनमानस की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा प्रशासनिक कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी ली गई। इस दौरान मौके पर अपर जिलाधिकारी डॉण् सदानंद गुप्ताए अपर उप जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ताए उप जिलाधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्वांचल प्रसिद्ध विजयादशमी मेला की तैयारियों पर चर्चा

**मीरजापुर।** श्री रामलीला कमेटी बरियाघाट की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री पंचमुखी महादेव जी मन्दिर के सत्संग हाल में बुधवारए 9 अक्टूबर को हुआ। बैठक में शरष 1979 से अनवरत लगने वाले पूर्वांचल प्रसिद्ध विजयादशमी मेला की तैयारियों पर चर्चा हुई। साथ ही पत्रकार साथियो का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अमित श्रीनेत ने कहाकि इस वर्ष विजयादशमी का मेला नव्य.भव्य और ऐतिहासिक होगा। शानदार लाइटिंग के साथ श्री रामदरबार एवं पंचमुखी महादेव का अद्वितीय श्रृंगार होगा। साथ ही श्री तिरूपति बाला जी एवं विन्ध्य कारीडोर की झॉकी आकर्षण का केन्द्र होगा। इसके साथ ही गंगा जमुना सरस्वतीए राधा कृष्ण हरियाली झांकीए मटकी सहित गरबा नृत्यए कालिया मर्दन सहित एक दर्जन से अधिक झांकी का नयनाभिराम कर सकेंगे। सभी सदस्यों का आह्वान करते हुए तन.मन.धन से लगने का अनुरोध किया। महामंत्री संतोष कुमार ऊमर ने कहाकि शनिवार 12 अक्टूबर 2024 को रात्रि आठ बजे से लगने वाले विजयादशमी मेला में गेटए स्टॉल एवं मीना बाजार को भव्य रूप प्रदान किया जायेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने पैदल गश्त कर कराया सुरक्षा का अहसास



**सोनभद्र।** बुधवार को जनपद के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा त्यौहार व शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत राबर्ट्सगंज में पैदल गश्त, फूट पैट्रोलिंग किया गया। इस दौरान वहां उपस्थित आम जनमानस से वार्ता कर उनसे शान्ति व्यवस्था सहयोग व सौहार्द्र बनाये रखने हेतु प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गयी उन्होनें बताया कि आमजन की समस्याओं के समाधान तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल पूरी तरह तैयार है, किसी तरह की समस्या अथवा अफवाह की सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों की चेकिंग की गयी तथा लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उनसे शान्ति, सहयोग व सौहार्द्र बनाये रखने हेतु अपील की गयी व सड़क पर अवैध अस्थाई अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया।

# बिजली की तार टूटकर गिरने से बाल बाल बचे दर्शनार्थी

**सकलडीहा/चन्दौली।** सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाले बिजली के पोल और तार व ट्रांसफार्मर हटाया जाना है। इसको लेकर लम्बे समय से पीडब्ल्यूडी विभाग और कार्यदायी संस्था व बिजली विभाग की ओर कार्य शिथिल पड़ा हुआ है। जिसके कारण सड़क के किनारे और सड़क के बीचो बीच लटकती तार दुर्घटना को दावत दे रहा है। मंगलवार को रात को आठ बजे करीब नागेपुर स्थित मुख्य मार्ग पर काली माता मंदिर के समीप अचानक बिजली की तार टूटकर गिर जाने से खलबली मच गया। संजोग अच्छा रहा की नवरात्र में दर्शन पूजन के लिये आयी महिलायें मंदिर के अंदर होने से बाल बाल बच गयी। सूचना पर पहुंचें विद्युत कर्मियों ने टूटी तार को मरम्मत के बाद बिद्युत आपूर्ति बहाल कराया।

सकलडीहा कस्बा के टिमिलपुर से लेकर सधन तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण की जद में आने वाली दर्जनों विजली पोलए लटकती तार और ट्रांसफार्मर को हटाया जाना है। इसको लेकर संबधित विभाग को धन भी जारी कर दिया गया है। लेकिन बीते एक साल से ट्रांसफार्मर तो दूर लटकती बिजली की तार और पोलों को भी ठीक नही कराया गया है। सकलडीहा राजवाहा के समीप व्यापारियों का वाहन सड़क पार करके गोदामों तक जाता है। जिसे लेकर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। शारदीय नवरात्र को लेकर नागेपुर स्थित काली माता मंदिर पर दर्शन पूजन के दौरान अचानक बिजली की तार टूटकर गिर जाने से कोई बड़ी हादसा होने से बाल बाल बच गया। समाजसेवी रतेन्द्र राजभरए टुनटुन आदि ग्रामीणों की सूचना पहुंचे विद्युत कर्मियों ने टूटी तार का मरम्मत के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कराया। इस बाबत अवर अभियंता मनीष कुमार ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के कारण बिजली पोल व तारों को मरम्मत नहीं हो पा रहा है।

# जनपद के लिए वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात लखनऊ से छपरा तक चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**गाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी त्यौहारों के मौसम में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए भीड़ को कम करने के लिए यात्रियों की मांग पर लखनऊ से छपरा के मध्य एक जोड़ी वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस वाया वाराणसीए सुरेमनपुरए बलिया एवं गाजीपुर सिटी चलाने का निर्णय लिया गया है। आरक्षित वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी का संचलन लखनऊ तथा छपरा से 25 अक्टूबर से 08 नवम्बरए2024 तक 13 फेरों के लिये निम्नवत् किया जायेगा।

गाड़ी सं.02270 लखनऊ.छपरा वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस गाड़ी 25ए 26ए 27ए 28ए 30ए 31 अक्टूबर 01ए 02ए 03ए 04ए 06ए 07ए 08 नवम्बरए2024 तक लखनऊ से 14रू15 बजेए प्रस्थान कर सुल्तानपुर से 16रू05ध16रू07 बजेएवाराणसी जं से 18रू20ध18रू25 बजेएगाजीपुर सिटी से 19रू33ध19रू35 बजेएबलिया से 20रू23ध20रू25 बजेएसुरेमनपुर से 20रू55ध20रू57 बजे छपरा 21रू30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में गाड़ी सं.02269 छपरा दृलखनऊ वन्देभारत स्पेशल एक्सप्रेस 25ए 26ए 27ए 28ए ए 30ए 31 अक्टूबर एवं 01ए 02ए 03ए 04ए 06ए 07ए 08 नवम्बरए2024 तक छपरा से 23रू00 बजे प्रस्थान कर सुरेमनपुर से 23रू35ध23रू37 बजे दूसरे दिन बलिया से 00रू05ध00रू07 बजेएगाजीपुर सिटी से 00रू59ध01रू01 बजेएवाराणसी जं 02रू30ध02रू35 बजे सुल्तानपुर से 04रू48ध04रू50 बजे छूटकर 06रू30 बजे लखनऊ पहुँचेगी। इस आरक्षित गाड़ी की संरचना में 08 कोच की वन्देभारत रेक होगी। यात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेल गाड़ियों के रूट के अन्य ठहरावों और समय.सारणी की जानकारी के लिए कृपया रेल मदद हेल्पलाइन नंण् 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट देखें।

# नवरात्र में देवी माता की उपासना से बरसती है विशेष कृपा : महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति जी

संवाददाता। गाजीपुर

**सनातन** धर्मावलंबियों के लिए तीर्थ स्थल के रूप में विख्यात सिद्धपीठ हथियाराम मठ के 26वें पीठाधिपति एवं जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति महाराज के संरक्षकत्व में चल रहे शारदीय नवरात्र महोत्सव में जन सैलाब उमड़ रहा है। सिद्धपीठ की अधिष्ठात्री देवी बुढ़िया माता और मां सिद्धिदात्री के दरबार में शीश झुकाकर श्रद्धालु नर नारी पुण्य लाभ की कामना संग मन्नतें मांग रहे हैं। वहीं पुण्य लाभ की कामना के साथ भंडारे से महाप्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। महामंडलेश्वर स्वामी भवानी नन्दन यति ने शिष्य श्रद्धालुओं के बीच प्रवचन करते हुए कहा कि नवरात्रि में की जाने वाली पूजाए उपासना व सत्कर्म से मानव जीवन का आधार निर्मित होता है।



देवी माता की उपासना के विशेष काल नवरात्र में भक्तों पर देवी माता की कृपा बरसती है। समाज की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि नीति से अदालत चलती है जबकि नीयत से परिवार व समाज चलते हैं। ऐसे में स्वस्थ समाज की स्थापना में हम सभी के नीयत काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं जो सिद्धपीठ के परंपरागत गुरु शिष्य परंपरा से जुड़े हुए हैं। उल्लेखनीय है कि सिद्धपीठ की अधिष्ठात्री देवी मृणमयी वृद्धम्बिका देवी ;बुढ़िया माईद्ध के प्रकाश से समूचा अध्यात्म जगत प्रकाशमान है। हथियाराम मठ प्रबुद्ध व समृद्ध है। यहां से जुड़े शिष्य श्रद्धालुओं का वैचारिक विकास देखते ही बनता है।

# नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने सीसी रोड का किया लोकार्पण

**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगर के तीन वार्डो चेतगंज, अनगढ़ और बरौंधा में 15वे वित्त से नवनिर्मित सीसी सड़क, इंटरलॉकिंग, नाली एवं कवर आदि का फीता काटकर लोकार्पण किया। चेतगंज के गैबीघाट और बरौंधा के मुंहकुंचवा में नाली कवर, सीसी एवं अनगढ़ के बालकदास पोखरा इंटरलॉकिंग, नाली एवं कवर का कार्य कराया गया है। नवनिर्मित सड़क के निर्माण से स्थानीय निवासियों ने खुशी ज़ाहिर करते हुये नपाध्यक्ष को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।इस मौके पर नपाध्यक्ष ने कहा कि जनता की मांग पर सड़क निर्माण कार्य कराया गया है। सड़क बनने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा। इस मौके पर सभासद सभासद संदीप तिवारी, सभासदपति रूपेश यादव जी, सभासद राकेश यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# शूर्पणखा नक्कटैया, खर दूषण बध, सीता हरण लीला का हुआ मंचन

**गाजीपुर।** अति प्राचीन रामलीला कमेटी हरिशंकरी के तत्वाधान में रामनलीला मैदान लंका में शूर्पनखा नक्कटैयाए खर दूषण बध व सीता हरण लीला का भव्य मंचन हुआ। लीला में सूर्पणखा नक्कटैयाए खर दूषण वध सीता हरण लीला का मंचन किया गया। लीला में दर्शाया गया कि लंका नरेश महाराज रावण की बहन शूर्पनखा किसी कारण वश भ्रमण करते हुए पंचवटी पहुंची। वहां देखा कि दो वीर पुरुष स्त्री के साथ कुटिया बनाकर निवास कर रहे हैं। वह उनके पास जाकर उनका परिचय पूछती है जिसको सुनकर वीर पुरुषों ने अपना परिचय राम तथा अपने छोटे भाई का नाम लक्ष्मण और अपने पत्नी का नाम सीता बताया। इसके बाद श्री राम ने सूर्पनखा का परिचय तथा उसके भी आने का प्रयोजन भी पूछा। शूर्पणखा ने दोनों वीर पुरुषों का राम और लक्ष्मण नाम सुना तो सबसे पहले वह राम से बिनती करती है कि हे वीर पुरुष। तुम्ह सम पुरुष न मो सम नारी। यह संजोग विधि रचा बिचारी। कहती है कि हे वीर पुरुष तुम्हारे जैसा सुन्दर तथा बीर पुरुषए और मेरे जैसी नारी यह जोड़ी तीनो लोक में नहीं मिली यह विधि ने संजोग से ही रचा है। मैं अब तक कुंवारी हूं। मैं आपसे विवाह करना चाहती हूं। श्रीराम ने उसकी बातो को सुनकर अपने छोटे भाई लक्ष्मण के पास भेज दिया कि बगल में मेरा छोटा भाई लक्ष्मण कुंवारा है उससे जाकर पूछो। इस तरह से वह इधर.उधर भटकती रही। अंत में सूर्पनखा अपने असली रूप में आकर सीता पर झपट्टी। इतने में अपने बड़े भाई श्री राम का इशारा पाते ही लक्ष्मण ने अपने तेज शस्त्र से उसका नाक और कान काट दिया। वह रोती बिलखती अपने भाई खर दूषण के पास जा कर अपने नाक कान कटने के विषय में सब कुछ बता देती हैं। इतना सुनने के बाद खरदूषण क्रोधित होकर अस्त्र.शस्त्र व सेना के साथ रणभूमि में जाकर श्री राम लक्ष्मण को युद्ध करने के लिए ललकारते है। श्रीराम लक्ष्मण ने खर दूषण के ललकार को सुनकर रणभूमि में आकर युद्ध दौरान दोनों भाइयों को मार गिराया। खरदूषण के मारे जाने के बाद शूर्पणखा रोती बिलखती अपने बड़े भाई महाराज रावण के दरबार में पहुंची। महाराज रावण ने अपने बहन शूर्पणखा के दशा को देखकर भड़क उठते हैं। वह क्रोधित होकर पूछते हैं कि बहन तुम्हारी यह दशा किसने बिगाड़ दीए किसका काल उसके सिर पे नाच रहा हैए यह सुनते ही शूर्पणखा ने कहा कि पंचवटी में दो वीर पुरुष अपनी पत्नी के साथ कुटिया बना कर निवास कर रहे हैं । वे अपना परिचय राम लक्ष्मण बताया उनके साथ सीता नाम की सुन्दरी भी है। इतना सुनते ही वह अपने राज दरबार से उठकर रथ द्वारा आकाश मार्ग से अपने मामा मारीच के पास जाकर स्वर्ण मृग बनने का आदेश देता है। मामा मारीच रावण के डर से स्वर्ण मृग बनकर जंगल में इधर उधर बिचरण करने लगा। सीता जी की दृष्टि सोने के मृग पर पड़ीए उन्होंने श्री राम से सोने के मृग के लिए अपनी इच्छा जाहिर की। सीताजी के कहने पर धनुष.बाण लिए श्री राम मृग के पीछे घने जंगल की ओर चल पड़े। थोड़ी देर बाद सीता जी के कान में बचाओ बचाओ की आवाज सुनाई देती है तो सीता जी श्री राम की सहायता के लिए वह अपने देवर लक्ष्मण को सहायता करने का आदेश देती है लक्ष्मण जी सीताजी के आदेश पर कुटिया के चारों और रेखा खींचकर लक्ष्मण भी अपने भाई की सहायता के लिए चल देते हैं।



# नगरीय निकायों में विकास कार्यों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक




**अमेठी।** डीएम निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में नगरीय निकायों में विकास कार्यों को कराए जाने को लेकर प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार, समस्त एसडीएम, चारों निकायों के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधाओं यथा साफसफाई हेतु उपकरणों के क्रय करने, नालीए इंटरलॉकिंग के निर्माण, स्ट्रीट लाइटए वाटर कूलरए मोबाईल टॉयलेट, पानी का टैंकर, ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरणों को क्रय करने के उद्देश्य से निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त कार्य कराए जाने हेतु शासनादेश का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए किसी भी हालत में शासन के आदेश का उल्लंघन ना हो। नगर वासियों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में प्रयास किए जाएं, नगरीय निकायों में सफाई व जलभराव की शिकायतें ज्यादा प्राप्त हो रही हैं सफाई की व्यवस्था के लिए बेहतर उपाय किए जाएं। उन्होंने सभी नगर निकायों के अध्यक्षों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जो भी प्रस्ताव तैयार किये जांए उनमें बेहतर कार्यों का समावेश होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण एक गंभीर समस्या है निकायों में प्रतिदिन साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही दुकानदारोंए व्यापारियों को अपनी दुकान के सामने डस्टबिन रखने और उसी में कूड़ा डालने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि निकायों की आय बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य करें।

# दबंगों ने एक युवक की मंदिर पर बेरहमी से बेल्ट से पिटाई कर दी,

**ऊंचाहार।** शराब के नशे में दबंगों ने एक युवक की मंदिर पर बेरहमी से बेल्ट से पिटाई कर दी, पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है, पुलिस छानबीन कर रही है।दूलीपुर मजरे ऊंचाहार देहात गाँव निवासी राजेश का कहना है कि वो पचखरा स्थित हमामवीर बाबा मंदिर पर सजे दुर्गा पण्डाल में पूजा पाठ करने वाले पुजारी का भोजन बनाता है।बुधवार की दोपहर वो मंदिर पर था इसी बीच आरोप है कि तीन युवक शराब के नशे में मंदिर पर पहुंचे और गालीगलौज करते हुए बेल्ट से उसे जमकर पीट दिया, पीड़ित ने तीन लोगों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्यवाई की मांग की है।कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

## ईपीएफ का भुगतान न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों ने ब्लाक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन

**ऊंचाहार।** ईपीएफ का भुगतान न मिलने से नाराज रोजगार सेवकों ने ब्लाक मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए बीडीओ को ज्ञापन सौंपा है।बुधवार की दोपहर ब्लाक मुख्यालय पर रोजगार सेवक संघ की अध्यक्ष पूनम शुक्ला की अगुवाई में रोजगार सेवकों ने धरना प्रदर्शन किया।अध्यक्ष ने बताया कि पिछले दो वर्षों से उन लोगों को ईपीएफ का भुगतान नहीं किया गया।इसके अलावा मृतकों के आश्रितों को मिलने वाली ईपीएफ की धनराशि भी नहीं दी गई। जिसके बाद रोजगार सेवकों ने अध्यक्ष की अगुवाई में बीडीओ को ज्ञापन सौंपा। बीडीओ कामरान नेमानी ने बताया कि रोजगार सेवकों से बातचीत हुई है, जल्द ही समस्या का समाधान कराया जायेगा।

# डीएम व एसपी ने की ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक



**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित तथागत हाल में पुलिस प्रशासन एवं ग्राम प्रधानों के साथ ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में ग्राम प्रधानों के साथ संवाद कर उनके ग्राम से सम्बन्धित समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम प्रधान गांव के विकास की धुरी हैं उनका यह पद बहुत ही महत्वपूर्ण एवं संवैधानिक पद है। इसलिए यदि गांव में कोई भी व्यक्ति सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करता है यदि उसकी जानकारी शासन स्तर या जिले के किसी भी उच्चाधिकारी को समय रहते मिल जाए तो उसका निदान समय रहते कर लिया जाता है और वह समस्या आगे नहीं बढ़ पाती है। गांव में यदि कोई भी व्यक्ति भ्रामक सूचनाएं फैलाने का प्रयास करता है चाहे वह धार्मिक गो प्रबन्धन जातिगत या अन्य कोई भी मुद्दा हो तो उसे तत्काल जिला प्रशासन अथवा पुलिस प्रशासन को मोबाइल के माध्यम से सूचना दें सकते है जिससे उस अफवाह को समय रहते सुलझाया जा सके और संबंधित के विरूद्ध कठोरता से कार्यवाही की जा सके। महिला बीट जिसमें महिला पुलिस कर्मी, आशा, एएनएम आती है। उन्होने सभी ग्राम प्रधानों एवं अधिकारियों से कहा कि महीने में कम से कम एक या दो बार सामूहिक रूप से उन्हें बुलाकर बैठक करें तथा गांव की महिलाओं के साथ संवाद करें और उनकी जो भी समस्याएं है, उस पर खुलकर चर्चा करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गांव में कोई भी घटना होने पर ग्राम सुरक्षा समिति का विशेष सहयोग होता है। शान्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में ग्राम वासियों की अहम भूमिका है। उन्होने कहा कि ग्राम सुरक्षा समितियों के सदस्य आगामी त्योहारों को देखते हुए सजग रहें। कोई भी गतिविधि होने पर तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचित करें। जिससे सभी प्रकार की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा सके इसके अलावा उन्होने सभी ग्राम प्रधानों को सी.प्लान ऐप के बारे में भी जानकारी दी जिसमें प्रदेश के किसी भी ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान से सम्पर्क किया जा सकता है।

# खंडस्तरीय पशु आरोग्य मेले का आयोजन

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय एक दिवसीय विकास खंड स्तरीय पशु आरोग्य मेले का आयोजन गंगेरवा के पूरे ठकुराइन में किया गया। मेले का शुभारंभ उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत कुमार व ग्राम प्रधान जीत बहादुर यादव ने गऊ माता की पूजा अर्चना कर केला खिलाकर किया। बुधवार को पशुपालन विभाग द्वारा पूरे ठकुराइन गांव में ग्राम प्रधान जीत बहादुर यादव की अध्यक्षता में आयोजित एक दिवसीय पशु आरोग्य मेले में पशुपालकों को जानकारी देते हुए उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ हेमंत कुमार ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पशुपालन एक व्यवसाय के साथ ही व्यक्ति को आत्म निर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।उन्होंने पशुओं की बेहतर देखभाल उनके खानपान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सरकार की योजनाओं की चर्चा की। मेले में पशुपालकों के दर्जनों पशुओं का इलाज करते हुए अन्य पशुओं के संबंध में सलाह देने के साथ ही दवाएं उपलब्ध कराई गई। पशु आरोग्य मेले में कौशल कुमार राम बरन भीम देवेंद्र यादव दुर्गेश प्रजापति विजय यादव मुहर्रम अली सहित अन्य पशुपालक व किसान मौजूद रहे।

## दुर्गा पूजा पंडाल की सजावट प्रथम आने पर समितियां होंगी पुरस्कृत

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** नगर पंचायत के दुर्गा पूजा महोत्सव को भव्य बनाने के लिए जेडी ग्रुप ऑफ इस्टिट्यूट के प्रबंधक समाजसेवी अभिषेक प्रताप सिंह द्वारा समितियों को सम्मानित करने के लिए आगे आए है। उन्होंने बुधवार को प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरुस्कार की घोषणा की। अभिषेक प्रताप ने बताया कि प्रतिस्पर्धा के तहत नगर के दुर्गा पूजा में भव्य पांडाल को प्रथम पुरुस्कार के तहत 11000, द्वितीय पुरुस्कार के तहत 5100 एवं तृतीय पुरुस्कार के रूप 2100 रु नगद राशि एवं प्रतीक चिन्ह के साथ सम्मानित किया जाएगा। उनके द्वारा पुरुस्कार को प्राप्त करने के लिए कुछ शर्तें रखी गयी है जिनमे पांडाल पर स्वच्छता का पूरा धयान दिया जाएएसजावट आकर्षण का मुख्य केंद्र विन्दु रहेएअनुशासन एवं सुरक्षा की दृष्टि के साथ प्रसाद का वितरण हो।

# युवा उत्सव कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

**● जनप्रतिनिधियों ने विजेता छात्र.छात्राओं को दिए प्रशस्ति पत्र।**



**श्रावस्ती।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद के लव विद्यापीठ कॉलेज में एक दिवसीय ष्युवा उत्सवष् सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक राम फेरन पाण्डेय एवं जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने द्वीप प्रज्वलन कर और मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में लोकगीत लोक नृत्य की सामूहिक एवं एकल विधाओं में प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। इसके अतिरिक्त जीवन कौशल अवयव में कहानी लेखन कविता पेंटिंग और डिक्लेमेशन में प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम के साथ शासन की मंशा अनुसार विज्ञान मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें जनपद के कई संस्थानों से बच्चों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपने नए प्रोजेक्ट को प्रदर्शित किया जिसका विधायक एवं जिलाधिकारी ने अवलोकन भी किया इस दौरान उन्होने छात्रों से उनके प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी भी ली।

कार्यक्रम में सीएमओ डा. एपी सिंह ने मानसिक रोग दिवस के अवसर पर एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को किसी भी प्रकार की मानसिक तनाव एंजायटी आदि के समस्याओं से निपटने के बारे में बताया गया और मनोचिकित्सक से सलाह लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। समाचार प्राप्त होने तक कार्यक्रम में लोक नृत्य सामूहिक विद्या में अलच्छेंद्र इंटर कॉलेज भिनगा की गुनगुन रावत की टीम ने प्रथम स्थान जगतजीत इंटर कॉलेज इकौना की सुमित गोस्वामी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं लोक नृत्य एकल में अलच्छेंद्र इंटर कॉलेज की बरखा श्रीवास्तव ने प्रथम रिया शुक्ला ने द्वितीय जो की जगत इंटर कॉलेज की है और जवाहर नवोदय विद्यालय की अमृता राणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया विज्ञान मेला में अलच्छेंद्र इंटर कॉलेज के रमेश कुमार ने हेलमेट सेफ्टी प्रोजेक्ट प्रदर्शित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया लव विद्यापीठ की रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अपर्णा श्रीवास्तव की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया लव विद्यापीठ की ही इलेक्ट्रोमैग्नेटिक क्रेन विद हाइड्रॉलिक सिस्टम प्रोजेक्ट प्रस्तुत कर अनुराग एवं उनकी टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# दलित शोषित वर्ग के प्रेरणास्रोत हैं मान्यवर कांशीरामः इं0 वीरेन्द्र यादव

**रायबरेली।** सपा के जिला मुख्यालय पर दलितों, वंचितों शोषितों के मसीहा मान्यवर कांशीराम की पुण्य तिथि मनायी गयी इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम दलित शोषित वर्ग के प्रेरणास्रोत हैं। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के मिशन को आगे बढ़ाने का काम कांशीराम जी ने किया था उन्होनें दलित वर्ग में एक नई चेतना का संचार किया था। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीपी पाल ने कहा कि बाबा साहब के मानने वालों को खोज कर बामसेफ बनाकर समाज में नयी जागृति पैदा की। सेन्ट्रल बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष ओपी यादव ने कहा कि मान्यवर कांशीराम की देन है कि उप्र के दलित वर्ग की महिला कई बार मुख्यमंत्री बनी। पूर्व जिलाध्यक्ष आरपी यादव नें कहा कि मुलायम सिंह यादव व कांशीराम ने मिलकर यूपी में नये इतिहास का निर्माण किया।

## क्विक न्यूज

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में बढ़ रहा है निवेश

**अयोध्या।** श्री राम मंदिर फैसले के बाद अयोध्या में इन्वेस्ट बढ़ा है और इसी क्रम में फेडरल बैंक ने अयोध्या में ऐतिहासिक राम मंदिर से कुछ दूरी पर लता मंगेशकर चौक के पास श्री राम पथ पर अपनी नई ब्रांच और कर्मचारियों के लिए गेस्ट हाउस खोलकर अयोध्या में निवेश को आसान किया है। ब्रांच का उद्घाटन फेडरल बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ केवीएस ने किया और गेस्ट हाउस का उद्घाटन बैंक के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट और चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर राजनारायण एन के हाथों से किया गया। अयोध्या में आने वाले समय में बड़े स्तर पर अधोसंरचना विकास होने वाली हैए जिस पर 10 बिलियन डॉलर खर्च किया जाएगा। इस आगामी विकास को देखते हुए मंदिर में आने वाले समय में प्रतिवर्ष 5 करोड लोगों के आने की उम्मीद है। इसे ध्यान में रखते हुए अयोध्या को आने वाले समय में बेहतर कनेक्टिविटी और पर्यटन सेवाओं की आवश्यकता जरूर पड़ेगी। फेडरल बैंक भी आने वाले समय में इस विकास में अपनी भागीदारी देने के लिए सज्ज है। 50 साल से लखनऊ क्षेत्र में अपनी सेवाएं देते हुए फेडरल बैंक ने यहां की आर्थिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अब अयोध्या में खुली अपनी इस नई ब्रांच के माध्यम से फेडरल बैंक समग्र उत्तर प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी दर्ज करने की राह पर आगे बढ़ने को तैयार है। फेडरल बैंक अयोध्या में अपने ग्राहकोंए व्यवसायों और भक्तों को उनकी वित्तीय ज़रूरतें पूरी करने में मदद करते हुए अयोध्या में आमूल चूल परिवर्तन लाने के लिए तैयार है। यह विस्तार भारत में हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर आधारित विकास को आगे बढ़ाने का पूर्ण रूप से समर्थन करता है। उद्घाटन में का साजन अग्रवाल की उपस्थित रहे।

### शक्ति सारथी थीम से महिलाओं की बढ़ेगी सुरक्षाः डीएम

**गोंडा।** जिले में इस बार दुर्गा महाष्टमी खास होने जा रही है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अगुआई में जिला प्रशासन एक अनोखी पहल के तहत शक्ति वंदन 2.0 का आयोजन कर रहा है। जिसकी थीम शक्ति सारथी है। यह थीम महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर आधारित है। कार्यक्रम का आयोजन शहीद-ए-आज़म सरदार भगत सिंह कॉलेज के प्रांगण में 11 अक्टूबर को अष्टमी के दिन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। मध्यमवर्गीय ज्यादातर महिलाएं ऑटो और ई-रिक्शा से सफर करती हैं, इसीलिए प्रशासन ने 1000 ऑटो और ई-रिक्शा चालकों को 'शक्ति सारथी' के रूप में प्रशिक्षित किया है। यह पहल महिलाओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करेगी और आने वाले समय में इसे और भी विस्तार दिया जाएगा। यह आयोजन पूरी तरह से जीरो वेस्ट इवेंट होगा, जहां कार्यक्रम स्थल पर उत्पन्न होने वाले कचरे का समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही बदलते गोंडा की तस्वीर भी प्रस्तुत की जाएगी।

### हाईकोर्ट के आदेश पर पालिका ने नाले से अवैध कब्जा हटाया

**कोंच (जालौन)।** कोंच में हाईकोर्ट के आदेश पर नगर पालिका द्वारा नाले की जगह पर अवैध कब्जा हटाया गया। नया पटेल नगर कोंच निवासी मनोज यादव ने कुछ समय पहले हाई कोर्ट में एक रिट दायर की थी। रिट में मनोज ने बताया था कि कोंच में जालौन रोड से लेकर ग्रीन गार्डन तक मौजूद नाले को पाट कर भूमाफियाओं ने उसके ऊपर डामरीकरण कर अवैध रूप से जगह पर कब्जा कर लिया है। सुनवायी के बाद हाईकोर्ट के आदेश पर बुधवार को नगर पालिका ईओ पवन किशोर मौर्य, आरआई सुनील कुमार, सफाई निरीक्षक हरीशंकर निरंजन, सदर लेखपाल अखिलेश कुशवाहा ने जेसीबी से डामरीकरण हटवा दिया।

### बंटवारे के विवाद में देवर-भाभी में मारपीट

**जालौन (उरई)।** पारिवारिक बंटवारे को लेकर परिवार के लोगों ने मिलकर देवर व भाभी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दमा निवासी मुन्नू ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार के ही बबलू, दीनबंधु व कोमेश उससे व भाभी रानी से पारिवारिक बंटवारे को लेकर रंजिश मानते हैं। इसी रंजिश के चलते वह सुबह गाली, गलौज कर रहे थे। मना करने पर उन्होंने लाठी, डंडों से मारपीट शुरू कर दी। जिसमें दोनों को चोटें आई हैं। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### मां स्वरूपों का किया वर्णन

**गोंडा।** नवरात्र के पावन पर्व के अवसर पर पंडरी शंकर बहराइच रोड गोंडा स्थित सम्मय माता के स्थान पर आदि शक्ति मां दुर्गा के अवतार की कथा का वर्णन पंडित सत्यनारायण तिवारी द्वारा सुनाया गया। जिसे सुनकर श्रोतागण झूम उठे। इस मौके पर पुरोहित ने महिषासुर की उत्पति देवी, देवताओं के अँश महालक्ष्मी 18 भुजा वाली देवी के प्रसंगों का सजीव वर्णन किया। यह जानकारी अखबार वितरक बच्चू पंडित द्वारा दी गई।

# राष्ट्रीय डाक सप्ताह 7 से 11 अक्टूबर तक

**रायबरेली।** भारतीय डाक विभाग द्वारा 7 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके क्रम में दिनांक 7 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस एवं 8 अक्टूबर को फिलैटली दिवस के रूप में मनाया गया। आज दिनांक 9 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय डाक दिवस के उपलक्ष्य पर प्रातः प्रधान डाकघर घंटाघर द्वारा पोस्ट मास्टर सुशील कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में प्रभात फेरी निकाली गई एवं नागरिकों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में एवं डाक सप्ताह के बारे में जागरूक किया गया। विभिन्न विद्यालयों के स्कूली छात्रों द्वारा डाकघर आकर डाक विभाग की विभिन्न शाखाओ में जाकर विभाग के बारे में जानकारी ली एवं विभाग की कार्यशैली के बारे में जाना। फिट पोस्ट फिट इंडियाश् का संदेश आम जनमानस तक प्रभात फेरी निकाल कर पहुंचाया गया।प्रधान डाकघर के डाकपाल सुशील कुमार शुक्ला ने बताया की विभाग की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना विभाग का लक्ष्य है।

# सदर तहसील व कलेक्ट्रेट का कमिश्नर रोशन जैकब ने किया निरीक्षण लंबित चल रहे मामलों को निस्तारण के लिए निर्देश



**रायबरेली।** रायबरेली में पहुंची कमिश्नर रोशन जैकब ने राजस्व संबंधी अभिलेखों की जांच पड़ताल की और लंबित मामलों को जल्द से जल्द निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है आपको बता दे कि आज 9 अक्टूबर 2024 दिन बुधवार को समय करीब 2.00 बजे रायबरेली जनपद के सदर तहसील व कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न कार्यालय अभिलेखों का लखनऊ से रायबरेली पहुंची कमिश्नर रोशन जैकब ने निरीक्षण किया है निरीक्षण के दौरान सदर तहसील के न्यायालय में चल रहे मामलों को लेकर जल्द से जल्द निस्तारण किए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है मीडिया से रूबरू होते हुए कमिश्नर रोशन जैकब ने बताया कि यहां राजस्व संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया गया है जिसमें कई मामले कई वर्षों से विचाराधीन है अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं वहीं इस निरीक्षण के बाद कमिश्नर रोशन जेको बी पति पत्नी वह दो बच्चों की हुई अमेठी जनपद में हत्या के मामले को लेकर मृत्यु के घर गडहागंज थाना क्षेत्र के सुदामापुरी पहुंचेगी।

# लंबित वादों का शीघ्र कराएं निस्तारणः डीएम

**● कर करेत्तर एवं प्रवर्तन कार्यों की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश**

**संवाददाता।** गोंडा




**जिलाधिकारी** श्रीमती नेहा शर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर–करेत्तर एवं प्रवर्तन कार्यों को लेकर संबंधित विभागों के साथ बैठक की गई। जिसमें उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिक से अधिक राजस्व की वसूली की जाए। प्रवर्तन को लेकर उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रवर्तन की कार्रवाई को बढ़ाएं। प्रवर्तन के कार्यवाही सभी पर समान रूप से की जाए संगठित रूप से अपराधों पर लिप्त रहने वाले लोगों पर कार्रवाई कीजिए। सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने–अपने तहसीलों में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा प्रतिदिन की जाए तथा कोर्ट में लंबित वादों के निस्तारण को प्राथमिकता के आधार पर अधिक से अधिक निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि आप सभी लोग अपने कोर्ट में प्रतिदिन बैठकर अधिक से अधिक वादों की सुनवाई करके नियमानुसार निस्तारण करें, इसमें किसी के स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी गोंडा सदर, मनकापुर तथा करनैलगंज, तरबगंज, अपर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार, अपर उपजिलाधिकारी विश्वमित्र, डिप्टी कलेक्टर नेहा मिश्रा, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पीटीओ शैलेन्द्र त्रिपाठी, सहित सभी संबंधित विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 121 गायब मोबाइल धारको को एसपी ने किया सुपुर्द

**● 6 लाख 50 हजार के सभी मोबाइल बरामद**

**● 2 लाख 1 हजार 935 रूपये खाते में कराया वापस**



मीडिया को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल / लाइन्स केशवनाथ के पर्यवेक्षण में जनपद के प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सेल अजय सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आलोक सोनी के नेतृत्व में गठित टीम के द्वारा जनपद के भिन्न–भिन्न थाना क्षेत्रों से पीड़ितों के गुमशुदा हुए 121 मोबाइल (एंड्राएड सेट भिन्न–भिन्न कम्पनियों के) कीमत लगभग 16,50,000 रु0 के मोबाइल बरामद को किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा गुमशुदा मोबाइलों के सम्बन्ध में समय–समय पर सर्विलांस टीम एवं साइबर क्राइम थाना को शत–प्रतिशत बरामदगी के लिए कड़े निर्देश दिये गये थे जिसके अनुपालन में निम्नलिखित मोबाइल को भिन्न- भिन्न स्थानो से बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा मोबाइल बरामद करने वाली दोनो टीम के उत्साहवर्धन हेतु 10000 रु. नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि चोरी/ गुम हुए मोबाइल की शिकायत बेवसाइट पर दर्ज करके आईएमईआई ब्लाक/ट्रेस किया जा सकता है। शिकायत दर्ज करने के लिए मोबाइल धारक का आधार कार्ड, मोबाइल का बिल व सम्बन्धित थानों पर दर्ज गुमशुदगी की कापी व मोबाइल धारक का विवरण, गुम हुए मोबाइल के सिम नम्बर, आईएमईआई नम्बर व मॉडल नम्बर की आवश्यकता होती है। मोबाइल को बरामद करने वाली पुलिस टीम– 'प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सेल अजय कुमार सिंह मय टीम, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना आलोक सोनी मय टीम।

# हरियाणा में भाजपा की जीत पर मंत्री दिनेश सिंह ने रायबरेली के लोगों को जलेबी खिलाकर मनाया जश्न

**लालगंज रायबरेली।** भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा की पूर्ण बहुमत की जीत पर भारतीय जनता पार्टी के नेता और कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि उद्यान स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी अपने आवास पर रायबरेली के लोगों के सानिध्य में जलेबी खिलाकर हरियाणा में सरकार बनने पर जोरदार खुशी का इजहार किया है। स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत और जम्मू कश्मीर में पार्टी की शानदार सफलता पर हिंदुस्तान की जनता ने डिवाइड एंड रूल को किनारे कर मोदी सरकार की नीतियों पर मोहर लगा दी है। हरियाणा दिल्ली की धड़कन है और हरियाणा की जनता ने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर फिर से भरोसा जताते हुए सबका साथ सबका विकास की राजनीति को स्वीकारा है।

# प्राइवेट बैंको को अपने नियम कानून को रखना होगा सार्वजनिक

**● सूर्यास्त के बाद वसूली की जानकारी मिलने पर होगी कार्यवाही**



प्राइवेट बैंको के साथ बैठक करते जिलाधिकारी।

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में जिला में कार्यरत सभी बैंको के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी बैंको को यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया कि आरबीआई के गाइडलाइन के अनुसार ऋण देने की प्रक्रिया क्या है? तथा ऋण देने की प्रक्रिया आरबीआई के गाइडलाइन के अनुसार होनी चाहिए। आरबीआई के गाइडलाइन के अनुसार ऋण वसूली की प्रक्रिया क्या है? तथा डिफाल्ट की स्थिति में ऋण वसूली की प्रक्रिया क्या है? ऋण वसूली की प्रक्रिया आरबीआई के गाइडलाइन के अनुसार होनी चाहिए। डीएम ने कहा कि बैंक किसी समूह को ऋण देते हैं तो उस समूह का गठन कैसे किया जाता है, उस समूह का नाम क्या है? समूह की परिभाषा क्या है? क्या 05 लोग इक्कठे हो जाते हैं तो उसे समूह मान लिया जाता है? यह भी संज्ञान में आया है कि कुछ वित्तीय संस्थाएं बिना आरबीआई के यहॉ पंजीकृत हुए भी ऋण दे रहें है, यदि आरबीआई के गाइडलाइन का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। डीएम द्वारा एनबीएफसी/ एमएफआई के प्रतिनिधियों से यह भी पुछा गया कि आप लोग सिविल स्कोर देखते हैं तो कम से कम कितना सिविल स्कोर पर ऋण देते है। आप लोगो के वसूली का तरीका क्या है? वसूली करने वाले लोग बैंक के होते है या अन्य कोई? क्या आप के द्वारा एसओपी का पालन किया जाता है? आप का एसओपी क्या है? यदि कोई ऋणी द्वारा जिस उद्देश्य के लिए ऋण लिया जाता है, और वह उस काम को नहीं करता है तो उसे पुनः ऋण किस आधार पर दिया जाता है? बैठक में डीएम द्वारा यह भी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया कि उपरोक्त समस्त कार्यवाही आरबीआई के गाइडलाइन में निहित प्राविधानों के अनुसार ही किये जायें। यदि आरबीआई के गाइडलाइन का उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार विधिक कार्यवाही भी की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा लीड बैंक प्रबन्धक पवन सिंहा, उपायुक्त उद्योग स्वतः रोजगार जिशान रिजवी व उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त बिन्दुओं पर अनुश्रवण करते हुए आरबीआई गाइडलाइन के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें। माध्यम से डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित बैंकों से ऋण लेने के इच्छुक जनपद के सभी आवेदकों से अपील किया है कि किसी भी बैंक अथवा एनबीएफसी से ऋण लेने हेतु आवेदन करते समय बैंकों द्वारा लिए जाने वाले ब्याज सहित ऋण के वापसी की शर्तों से संबंधित एवं अन्य सभी शर्तों को भलीभांति जान व समझ लें, किसी व्यक्ति या बैंक प्रतिनिधि के बहकावे में आकर कर्ज न लें। डीएम ने एनबीएफसी/एमएफआई बैंको के प्रधिनिधियों को निर्देशित किया कि ऋण प्रदाता/वसूली करने वाले को अपने संस्था/स्वयं का पहचान पत्र अपने साथ लेकर जाना है।

